हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 28 जनवरी 2026


04 उत्साह से मना गणतंत्र दिवस, हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम...



07 कॉलेज में फैशन शो से दिया महिला सशक्तिकरण...





## खबर संक्षेप

### छायाचित्र प्रदर्शनी में योजनाओं की झलक

**विदिशा।** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर भारत पर्व के तहत रविन्द्रनाथ टैगोर सांस्कृतिक भवन परिसर में जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में जनसम्पर्क संचालनालय से प्राप्त फोरेक्स शीट पैनल पर मुद्रित शासकीय योजनाओं, कार्यक्रमों तथा जिले में हुए विकास कार्यों को दर्शाया गया। कलेक्टर अंशुल गुप्ता सहित अधिकारियों, कर्मचारियों, स्कूली विद्यार्थियों एवं गणमान्य नागरिकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी बच्चों के लिए सेल्फी प्वाइंट बनी, जहां उन्होंने उत्साहपूर्वक तस्वीरें लीं और अपने चित्र देखकर अभिभूत हुए।

### 49 आवेदन निराकृत



**विदिशा।** मंगलवार को जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। कुल 93 आवेदकों ने समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। मौके पर ही 49 आवेदनों का निराकरण किया गया। शेष लंबित आवेदनों पर समय-सीमा में कार्रवाई कर पोर्टल पर जानकारी दर्ज करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए गए। कलेक्टर ने लंबित शिकायतों की प्रगति की समीक्षा भी की। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, संयुक्त कलेक्टर अनुभा जैन, निकिता तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### विदिशा जिला प्रदेश में 9वें स्थान पर आया

**विदिशा।** संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत आवेदनों के निराकरण में विदिशा जिले ने प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में 9वां स्थान प्राप्त किया है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित बैठक में लंबित आवेदनों की गहन समीक्षा की और शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। अभियान के तहत विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त कुल 21 हजार 414 आवेदनों में से 15 हजार 086 का निराकरण किया जा चुका है। शेष 6 हजार 328 लंबित आवेदनों के त्वरित समाधान हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### गैस टंकी फटने पर मिला 2 लाख मुआवजा

**विदिशा।** कुरवाई तहसील स्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त गैस टंकी ब्लास्ट से संबंधित आवेदन का संतोषजनक निराकरण किया गया। जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय ने बताया कि ग्राम करैया निवासी भूपेंद्र सिंह द्वारा घरेलू गैस टंकी फटने से हुए नुकसान को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया गया था। जांच के दौरान पाया गया कि इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के माध्यम से आवेदक को बीमा क्लेम के रूप में 2 लाख रुपए की सहायता राशि मिल चुकी है। दूरभाष पर पुष्टि के बाद प्रकरण का निराकरण किया गया। प्रशासन ने जनसुनवाई को नागरिकों को त्वरित राहत का प्रभावी माध्यम बताया।


### 200 में से 92 की आंखों में निकला मोतियाबिंद

**विदिशा।** मेडिकल कॉलेज के नेत्र विभाग द्वारा 25 जनवरी रविवार को अग्रवाल ट्रस्ट में डीन मनीष निगम की उपस्थिति में शिविर आयोजित किया गया। नेत्र रोग विशेषज्ञ सपना रघुवंशी, वैशाली राय, अचला यादव ने सहयोगियों के साथ 200 से अधिक मरीजों का नेत्र परीक्षण किया। जिसमें से 92 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया। सभी का मेडिकल कॉलेज में ऑपरेशन किया जाएगा। इस दौरान मारवाड़ी अग्रवाल पंचायत के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल एवं अग्रवाल ट्रस्ट के अध्यक्ष मनमोहन बसंल व समाज के अन्य पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## कल रामलीला आएंगे शंकराचार्य, चिंतामणी गणेश मंदिर से निकलेगी भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विदिशा की ऐतिहासिक रामलीला के 125 वर्ष पूर्ण होने पर इस बार व्यापक तैयारियां की गई हैं। पंडित विश्वनाथ शास्त्री ने सन 1902 में मकर संक्रांति के पर्व पर श्रीरामलीला मेला प्रारंभ किया था जो निरंतर जारी है। मेला समिति सचिव डॉक्टर अनिल शर्मा ने बताया कि रामलीला के 125 वर्ष पूरे होने पर द्वारकापीठ जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज 29 जनवरी को रामलीला मेले में आ रहे हैं। जिनकी शोभायात्रा दोपहर 12 बजे से चिंतामणि गणेश मंदिर से लोहाबाजार, तोपपुरा होते हुए रामलीला पहुंचेगी। जहां धर्मसभा होगी। 125 वर्ष प्राचीन विदिशा की ऐतिहासहिक रामलीला में मंगलवार को खरदूषण वध एवं सूर्पनखा की नाक काटने की लीला का मंचन किया गया। श्रीगणेश, मां शारदा एवं नारद वंदना के बाद लीला शुरू हुई। भगवान चित्रकूट में पंचवटी में आए। वहां पर सूर्पनखा आकाश मार्ग में विचरण करती है।



इसी बीच दोनों भाईयों एवं माता जानकी के रूप को देखकर उन पर मोहित हो जाती है। वह सुंदरी का रूप धारण कर रामजी के पास आती है और विवाह का प्रस्ताव रखती है। श्रीराम कहते हैं कि मैं विवाहित हूं वह उसे लक्ष्मण जी के पास भेजते हैं, लक्ष्मण जी भी उसके प्रस्ताव को ठुकरा देते हैं। वह बारी बारी से राम एवं लक्ष्मण के पास जाती है अंत में लक्ष्मण जी उसकी नाक काट देते हैं। वह रोती हुई उसी समय अपने भाई खरदूषण के पास जाती है। खरदूषण क्रोध में आकर विशाल सेना लेकर पहुंच जाता है और घमासान युद्ध होता है। अंत में सेना सहित खरदूषण का वध भी श्रीराम के द्वारा कर दिया जाता है।



**विदिशा।** शहर की ऐतिहासिक रामलीला के मेला परिसर में इस बार कई प्रकार के आकर्षक झूले लगाए गए हैं, पूरा मेला परिसर रंग बिरंगी रोशनी से सराबोर नजर आ रहा है।

### दस वर्षों से फाइव डे वर्किंग की मांग कर रहे हैं, अब तक अधूरी

## जिलेभर की 126 ब्रांचों में लटके रहे ताले 1 दिन में 90 करोड़ का व्यवसाय प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर देशभर के बैंककर्मी हड़ताल पर हैं। विदिशा में भी सभी सरकारी और राष्ट्रीयकृत बैंकों के कर्मचारी एक दिन की हड़ताल पर रहे। यह हड़ताल फाइव डे वर्किंग लागू करने की मांग को लेकर की गई थी। हड़ताल के कारण जिले की बैंकिंग सेवाएं पूरी तरह प्रभावित रहीं, जिससे आम ग्राहकों को काफी परेशानी हुई।

जिलेभर की 126 ब्रांचों में ताले लटके रहे। विदिशा में करीब 90 करोड़ रुपए का व्यवसाय प्रभावित हुआ। 126 शाखा के 600 कर्मचारी हड़ताल पर रहे। पूरे भारत में 10 लाख कर्मचारी हड़ताल पर रहे। हड़ताल के चलते नकदी जमा-निकासी, चेक क्लियरेंस और ड्राफ्ट जैसे जरूरी बैंकिंग काम नहीं हो सके। इससे लोगों को रोजमर्रा के लेन-देन और भुगतान में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बैंक कर्मचारियों का कहना है कि वे पिछले करीब दस वर्षों से फाइव डे वर्किंग की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक सरकार की ओर से इस पर कोई ठोस फैसला नहीं लिया गया है। भारतीय स्टेट बैंक के मनोज सोनी ने बताया कि यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस, जिसमें नौ प्रमुख बैंक यूनियनें शामिल हैं। सभी शनिवार को बैंक अवकाश घोषित करने की मांग कर रहा है। उन्होंने कहा कि मार्च 2024 में इंडियन बैंक्स एसोसिएशन (आईबीए) के साथ हुए वेतन समझौते में इस मांग पर सैद्धांतिक सहमति बनी थी, लेकिन सरकार की ओर से अब तक कोई आधिकारिक आदेश जारी नहीं हुआ है।




**विदिशा।** हड़ताल के दौरान विभिन्न मांगों को लेकर नारेबाजी और प्रदर्शन करते हुए विभिन्न बैंकों के कर्मचारी।

### आरबीआई में लागू फिर बैंकों में क्यों नहीं

एसबीआई के मनोज सोनी ने बताया कि बैंक कर्मचारी वेतन कटौती के बावजूद इस हड़ताल में शामिल हुए। बैंक यूनियनों का कहना है कि जब आरबीआई, एलआईसी और केंद्र सरकार के दफ्तरों में पहले से ही फाइव डे वर्किंग लागू है तो बैंक कर्मचारियों को भी यह सुविधा मिलनी चाहिए। लगातार छुट्टियों के कारण ग्राहकों की परेशानी और बढ़ गई। 24 जनवरी को चौथा शनिवार, 25 जनवरी को रविवार और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस की छुट्टी के बाद सोमवार को हुई इस हड़ताल से बैंक लगातार चौथे दिन बंद रहे।

### समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा-

## पारदर्शी, जवाबदेह और समयबद्ध सेवा देना प्राथमिक जिम्मेदारी है



**विदिशा।** समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने मंगलवार को समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों में लंबित आवेदनों के निराकरण की स्थिति जानी।

कलेक्टर ने यह जाना कि पिछले एक सप्ताह में कितने आवेदनों का समाधान किया गया। कितने नए आवेदन प्राप्त हुए हैं और उन पर एल-1 स्तर पर क्या कार्रवाई की गई है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवेदन प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई तय की जाए, ताकि प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित न रहें। बैठक में समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम, जनसुनवाई एवं वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त प्रकरणों की भी विभागवार समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में देरी से प्रशासन की छबि प्रभावित होती है, इसलिए समयसीमा का कड़ाई से पालन किया जाए।

कलेक्टर गुप्ता ने तकनीकी अथवा विभागीय अड़चनों वाले प्रकरणों को प्राथमिकता से चिन्हित कर उच्च स्तर पर समन्वय से शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही, समाधान की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया, ताकि आवेदक संतुष्ट हो सके।

### करारिया चौराहे पर दो मिनट ओले गिरे

**विदिशा।** करारिया गांव के पास मंगलवार रात अचानक से बारिश हो गई। करीब दो मिनट तक बेर के आकार के ओले गिर और 25 मिनिट तक बारिश हुई। मंगलवार को दिनभर से मौसम साफ रहा। शाम को अचानक से मौसम बदला और अंचल में बारिश हुई। ओले गिरने से फसल का आंशक नुकसान हो सकता है। लेकिन बारिश फसलों के लिए अभी लाभकारी बताई जा रही है।

## प्रभारी मंत्री ने किया ध्वजारोहण, छात्रों ने प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

गणतंत्र दिवस पर पुलिस परेड ग्राउंड में प्रभारी मंत्री लखन पटेल ने ध्वजारोहरण किया। इसके बाद मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया गया।

प्रभारी मंत्री ने परेड ग्राउंड में आयोजित समारोह में खुली जीप में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया। उनके साथ कलेक्टर अंशुल गुप्ता, एसपी रोहित काशवानी मौजूद रहे। समारोह में विशेष सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल, शौर्यादल के द्वारा मार्च पास्ट किया गया। प्रभारी मंत्री ने मीसाबंदियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए। कार्यक्रम में स्कूल के छात्र छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम एवं झांकियों का प्रदर्शन हुआ।





## चिन्हित गांवों में 100 प्रतिशत पर्ची वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

धरती आबा अभियान के तहत जिले में चिन्हित सभी गांवों में पात्र हितग्राहियों को पात्रता पर्चियों का वितरण शत-प्रतिशत कर दिया गया है। जिसकी जानकारी समीक्षा बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय ने दी।

बैठक के दौरान उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत पात्र परिवारों की पहचान कर उन्हें शासन की खाद्य सुरक्षा योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया गया। मैदानी स्तर पर अमले द्वारा सतत सर्वेक्षण, सत्यापन एवं शिविरों के माध्यम से पात्र हितग्राहियों तक पहुंचकर सुनिश्चित की गई, जिसके परिणामस्वरूप सभी चिन्हित गांवों में पात्रता पर्ची वितरण का लक्ष्य पूर्ण हुआ। श्री तंतुवाय ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन हितग्राहियों के आवेदन अभी लंबित हैं, उनका समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी पात्र परिवार योजना के लाभ से वंचित न रहे।

### खाद्यान्न सुरक्षा का लाभ पारदर्शी तरीके से पहुंचाना

धरती आबा अभियान का उद्देश्य जरूरतमंदों तक खाद्यान्न सुरक्षा का लाभ पारदर्शी और प्रभावी तरीके से पहुंचाना है। बैठक में यह भी समीक्षा की गई कि पात्रता पर्ची प्राप्त हितग्राहियों को उचित मूल्य की दुकानों से नियमित रूप से राशन उपलब्ध हो रहा है या नहीं। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वितरण प्रणाली की सतत निगरानी रखी जाए और किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर त्वरित कार्यवाही की जाए। अभियान की इस उपलब्धि से जिले में खाद्य सुरक्षा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### गणतंत्र दिवस की संध्या पर भारत पर्व का आयोजन किया गया

## कलाकारों की प्रस्तुतियों को देख मंत्रमुग्ध हुए लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

गणतंत्र दिवस की संध्या पर ऑडिटोरियम में भारत पर्व का आयोजन किया गया।

जिला प्रशासन, जनसम्पर्क विभाग एवं स्वराज संस्थान संचालनालय संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में स्वराज संस्थान संचालनालय से अनुबंधित कलाकारों के साथ-साथ स्थानीय कलाकारों और शैक्षणिक संस्थाओं के बच्चों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गईं। जिन्हें दर्शक एकटक नजर से देखते रहे। भोपाल की सुनील शुक्रवारे कलामंडली के द्वारा देशभक्ति गीत व भजन की प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई। वहीं सागर की सुश्री प्राप्ति कुर्मी और उनके सहयोगी कलाकारों के द्वार बुदेलखंड क्षेत्र का लोक नृत्य नौरता के अभिनव मंचन को सभी दर्शक एकटक नजर से देखते रहे। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने दीप प्रज्जवलित कर भारत पर्व का विधिवत शुभांरभ किया। जिसमें विदिशा जिले के स्कूली विद्यार्थियों के द्वारा भी देशभक्ति से ओतप्रोत रोचक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई है। जिसमें साकेत शिशु रंजन व साकेत शिशु एमजीएम के ग्रुप द्वारा एकल गीत, सांदीपनि विद्यालय बरईपुरा द्वारा विश्व प्रेम की ओढ़ी चुनरियां ओलम्पस स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा वरेदी नृत्य तथा अन्य स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा अनेकता में एकता को रेखांकित करने वाले प्रांतीय नृत्य तथा संवाद कार्यक्रम की प्रस्तुति प्रस्तुत की गई थी।




कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कार्यक्रम के अंत में कलाकारों व उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, दर्शक और शैक्षणिक संस्थाओं के स्कूली विद्यार्थी मौजूद रहे।




## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3240
उच्चतम भाव-6400
सरसों
न्यूनतम भाव-4820
उच्चतम भाव-6840
चना
न्यूनतम भाव-3500
उच्चतम भाव-5500
मसूर
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-6810
ज्वार
न्यूनतम भाव-6500
उच्चतम भाव-6580
मक्का
न्यूनतम भाव-1320
उच्चतम भाव-1641
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2860
उच्चतम भाव-3590
धान
न्यूनतम भाव-1380
उच्चतम भाव-3961
धनिया
न्यूनतम भाव-7660
उच्चतम भाव-8000
उड़द
न्यूनतम भाव-6410
उच्चतम भाव-6410
गेहूं
न्यूनतम भाव -2330
उच्चतम भाव- 3255
बटरी
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-3690

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में मंगलवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 11935 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह लाल परेड ग्राउंड में हुआ आयोजित, अतिथियों ने ली परेड की सलामी

# उत्साह से मना गणतंत्र दिवस, हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम, उत्कृष्ट कार्य करने पर मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गणतंत्र दिवस का पर्व नगर एवं क्षेत्रभर में पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। गणतंत्र दिवस का मुख्य कार्यक्रम तहसील के लाल परेड ग्राउंड में आयोजित किया गया। जिसमें विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र रघुवंशी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद एनसीसी के कैडेटस की परेड को सलामी दी गई। वहीं कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों ने एक से बढकर एक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसके बाद उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों, अधिकारियों एवं नागरिकों को सम्मानित किया गया।

इस मौके पर एसडीएम संतोष बिटौलिया, एसडीओपी शिखा भलावी, तहसीलदार अरविंद यादव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। उधर नपा कार्यालय में नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने झंडा वंदन किया। इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन भी किया। उन्होंने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गणतंत्र में गण बड़ा होता है तंत्र नहीं। सभी नेता जनता के सेवक हैं। ना कि जनता नेताओं की सेवक। कार्यक्रम के दौरान नपा सीएमओ सहित पार्षदगण, नपा कर्मचारी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। वहीं तारण तरण जैन पाठशाला स्थित न्यास परिषद के कार्यालय में झंडा वंदन किया गया। झंडा वंदन के उपरांत उपस्थितजनों को न्यास परिषद के द्वारा मिष्ठान वितरित किए गए। इस अवसर पर न्यास परिषद के अनेकों सदस्यों के साथ गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वहीं ग्राम डाबर के शासकीय हाई स्कूल एवं पंचायत भवन में सरपंच नरेन्द्र छारी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। नवांकुर विद्यापीठ, डॉल्फिन स्कूल, स्कॉलर्स पब्लिक स्कूल, राजेंद्र नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर, आचार्य विद्या वैली, एलबीएस कॉलेज, शासकीय सुभद्रा शर्मा कन्या महाविद्यालय में भी ध्वजारोहण हुआ।

वहीं त्योंदा तहसील परिसर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उदयपुर में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण हुआ तत्पश्चात स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। इसके अलावा नगर सहित ग्रामीण अंचलों विभिन्न शासकीय अशासकीय विद्यालयों, संस्थाओं, उपजेल सहित विभागीय कार्यालयों और पंचायत मुख्यालयों पर ध्वजारोहण के साथ मिष्ठान वितरण किया गया और कार्यक्रम भी आयोजित हुए। वहीं गणतंत्र दिवस के अवसर पर कादरी साहब वाली गली जवाहर रोड स्थित मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गौ सेवा प्रकोष्ठ कार्यालय में राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने झंडा फहराया। वहीं श्री महाराणा प्रताप राजपूत समिति के तत्वावधान में गणतंत्र दिवस के अवसर पर श्री महाराणा प्रताप चौक पर झंडावंदन किया गया। वहीं अन्य संस्थानों में भी गणतंत्र दिवस पर झण्डा वंदन एवं कार्यक्रम आयोजित किए गए।








## खबर संक्षेप

### युवक ने लगाई फांसी

**गंजबासौदा।** गत दिवस बरेठ रोड नवांकुर गली निवासी रमीज पुत्र गुड्डू बंजारा ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। जिसकी जानकारी परिजनों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव बरामद कर परीक्षण के लिए भेजा। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### मांग को लेकर युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



**गंजबासौदा।** मंगलवार को युवा कांग्रेस पूर्व जिला उपाध्यक्ष गोलू सेन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम एसडीएम संतोष बिटौलिया को एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कहा गया है कि प्रयागराज माघ माह के मेले के दौरान स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज एवं साधु-संतों के साथ पुलिस प्रशासन द्वारा की गई अभद्रता एवं मारपीट की घटना से गहरी पीड़ा पहुंची है। उक्त प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय न्यायिक जांच कराई जाए तथा दोषी पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की जाए।

## नृत्य प्रतियोगिता में नगर के होनहार कलाकारों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**गंजबासौदा।** विगत दिनों नृत्य सागर कथक केन्द्र इंदौर द्वारा झंकार नृत्य महोत्सव प्रतियोगिता का आयोजन अभिनव कला समाज, गांधी हॉल प्रांगण में किया गया। जिसमें होलीवुड, बॉलीवुड, फोक, कंटेम्पररी, सेमी क्लासिकल, कथक, भरत नाट्यम, ओडिसी, मणिपुरी, कथककली आदि नृत्यों की प्रस्तुतियां कलाकारों द्वारा दी गईं। जिसमें नगर के कलाकारों ने भी सहभागिता की और अपनी नृत्य कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम एवं द्वितीय स्थान अर्जित किए। इस प्रतियोगिता में कथक कैटेगिरी में सब जूनियर, जूनियर, सीनियर, सुपर सीनियर वर्ग में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिसमें नगर की गीता शर्मा ने जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान, चेतना रघुवंशी ने द्वितीय स्थान अर्जित किया। वहीं सीनियर वर्ग में पलक जैन ने प्रथम स्थान और ओपन वर्ग में आंचल शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि सब जूनियर वर्ग में अवनी रघुवंशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



## आचार्य श्री के समाधि दिवस पर रक्तदान शिविर संपन्न, 338 यूनिट हुआ रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की द्वितीय समाधि दिवस के अवसर पर सकल जैन समाज द्वारा नगर में कई आयोजन किए। जिसमें प्रातः काल स्थानीय महावीर विहार में सामूहिक आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की पूजन एवं आचार्य छत्तीसी विधान का आयोजन किया गया तो वहीं स्थानीय मानस भवन में अटल बिहारी बाजपेई मेडिकल कॉलेज के संयोजन में सकल जैन समाज की सामाजिक संस्था अभय सेना द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

अभय सेना द्वारा आयोजित विशाल रक्तदान शिविर ने जिले में रक्तदान का पिछला रिकॉर्ड ध्वस्त करते हुए नया रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज किया गया। इस शिविर में लगभग 338 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश तिवारी संयोजक रक्त सेवा समिति, जनपद पंचायत अध्यक्ष नीतू देवेंद्र रघुवंशी, पूर्व विधायक निशंक जैन, एसडीओपी शिखा भलावी, तहसीलदार अरविंद यादव, समाजसेवी कांतिभाई शाह, व्यापार महासंघ के अध्यक्ष विपिन तिवारी, नगर के प्रमुख जिनालयों के अध्यक्ष उपस्थित रहे। वहीं अटल बिहारी मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक प्रमुख डॉ रजनीकांत अहिरवार ने टीम के साथ रक्तदान शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। नगर के प्रमुख संत त्यागी महाराज मानस भवन पहुंचे और जनहित में आयोजित कार्यक्रम की प्रशंसा कर आयोजकों को आशीर्वाद प्रदान किया। वहीं एसडीओपी शिखा भलावी ने रक्त दान शिविर में पहुंचकर प्रथम बार रक्तदान किया। वहीं अभय सेना की टीम द्वारा सहयोगी संस्थानों, गणमान्य नागरिकों का सम्मान करते हुए, नगर में ब्लड बैंक स्थापित करने की मांग भी की।




## जय स्तंभ चौक पर दिवंगत अतिथि शिक्षक को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को शाम के समय जयस्तंभ चौक पर अतिथि शिक्षकों ने एकत्रित होकर दिवंगत अतिथि शिक्षक रजनीश नामदेव जिनका आकस्मिक निधन हो गया था। उन्हे समस्त अतिथिगण साथियों द्वारा एकत्रित दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राकेश कुशवाहा, ब्लॉक अध्यक्ष कीर्ति शैलेंद्र सिंह राजपूत, मुकेश जैन, दिलीप कुशवाहा, गगन मलैया, राजकुमार साहू, शैलेंद्र सक्सेना ,राखी यादव, स्वप्ना डे, सानू नामदेव, रीना रघुवंशी, राधेश्याम अहिरवार , शिवराज रघुवंशी, बृजेश अहिरवार, मुकेश शर्मा, राजेश नायक, प्रशांत माथुर, सानू विश्वकर्मा सहित अनेक अतिथि शिक्षक मौजूद रहे।

### चार शनिवार छुट्टी की मांग पर बैंक कर्मी रहे हड़ताल पर




**गंजबासौदा।** शासकीय और अर्ध-शासकीय बैंकों में सामूहिक हड़ताल से लोगों की परेशानी का सामना करना पड़ा। मंगलवार को शासकीय और अर्ध-शासकीय बैंकों में सामूहिक हड़ताल के कारण बैंक उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मंगलवार सुबह जब उपभोक्ता अपने बैंक संबंधी कार्यों के लिए पहुंचे, तो उन्हें बैंक के बाहर हड़ताल की सूचना का बोर्ड लगा मिला। बैंक कर्मचारियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, उनकी मुख्य मांग है कि महीने के सभी चार शनिवारों को छुट्टी घोषित की जाए। वर्तमान में बैंकों में केवल दूसरे और चौथे शनिवार को छुट्टी होती है, लेकिन कर्मचारी सभी शनिवारों को छुट्टी चाहते हैं। इसी मांग को लेकर मंगलवार को बैंक बंद कर कर्मचारी हड़ताल पर चले गए। बैंक हड़ताल के कारण सुबह से ही एटीएम पर भारी भीड़ देखी गई, रेलवे स्टेशन स्थित एसबीआई एटीएम सहित अन्य एटीएम मशीनों पर उपभोक्ताओं की भीड़ लगी रही।

## गणतंत्र दिवस के अवसर पर नवांकुर में कार्यक्रम आयोजित

# जीवन रक्षकों, गो सेवकों का किया सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नवांकुर विद्यापीठ में गणतंत्र दिवस धूमधाम से समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा भव्य एवं मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियॉं दी गई। विभिन्न विधाओं में सफलताऐं हासिल करने वाली उत्कृष्ट प्रतिभाओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर क्रियाशील प्रगति परिषद के अध्यक्ष डॉ एसएन गौर, नगर पालिका से धर्मेंद्र जैन, अमित शर्मा, नवांकुर प्राचार्य शैलेंद्र कुमार दीक्षित, सेवानिवृत्त शिक्षक शैलेंद्र कुमार पिंगले, शिक्षिका रेनू श्रीवास्तव उपस्थित थीं। इस अवसर पर प्राचार्य शैलेंद्र कुमार दीक्षित ने ध्वज फहराया। राष्ट्रगान, मध्य प्रदेश गान का गायन किया गया।

तत्पश्चात प्रस्तुतियां पेश की गईं। हायर सेकेंडरी विभाग में सुमित अहिरवार ने भगत सिंह पर भाषण, अनस शाह द्वारा लाल किले पर कविता, सुषमा समूह द्वारा समूह नृत्य, स्नेहा समूह द्वारा गुजराती नृत्य, पूर्वी और शैलजा द्वारा समूह नृत्य तथा सोफिया और सान्या मेवाती द्वारा संयुक्त रूप से नृत्य प्रस्तुत किया गया।

उल्लेखनीय जीवन रक्षा सेवा कार्य करने वाले चेतन माथुर, शिक्षक रवि सेन, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भागीरथ सूर्यवंशी, शतरंज प्रभारी नितिन रघुवंशी, छात्र देवांश सहरिया, देव दांगी, जसराज नायक, दर्शन शर्मा, घायल अवस्था में पड़ी गौ की सेवा करने वाले स्वयंसेवक ओम रघुवंशी, लक्ष्य रघुवंशी, यतीश मिश्रा, देवांश माथुर, राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में सहभागिता करने वाले विद्यार्थी मान्या दीक्षित, पलक शर्मा, देव दांगी, नियम जैन, स्नेहा राय, सिद्धि रघुवंशी, गौरी राय, नैंसी शर्मा, भूमि कटारिया, मीनाक्षी शिवहरे, मध्य प्रदेश टूरिज्म क्विज प्रश्न मंच में उत्कृष्ट स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थी काव्या त्रिपाठी, श्री शर्मा, अंश विश्वकर्मा, रक्तदान विषय पर चित्रकला में भूमि सोनी, चित्रकला प्रतियोगिता में वंशिका चौधरी, रंगोली प्रतियोगिता में निमिषा तिवारी, स्नेहा राय, निशिका रघुवंशी, निबंध प्रतियोगिता में आयुषी यादव, वैष्णवी राजपूत, भाषण प्रतियोगिता में दिव्यांश सोनी, काव्य पाठ में आन्या सैनी को उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। शिक्षक संदीप कुमार रावत, समीक्षा शर्मा, निशिका रघुवंशी ने कार्यक्रम का संचालन किया। लक्ष्य ग्रुप द्वारा नाटक हंगर थीम, अवनी ग्रुप द्वारा स्टेट फोक डांस, शानवी ग्रुप द्वारा गायन,आदर्श राजपूत द्वारा भाषण, शिक्षा ग्रुप द्वारा गोंधल नृत्य प्रस्तुत किया गया। प्रतिष्ठा जैन ने कार्यक्रम का संचालन किया। प्राथमिक विभाग से नन्हे मुन्ने बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। स्काउट प्रभारी भागीरथ शर्मा के नेतृत्व में स्काउट दल द्वारा मधुर बैंड ध्वनि का प्रदर्शन किया गया। अंत में आभार शिक्षक नितिन डोंगरे ने व्यक्त किया।

### बाबूलाल चाचा साहित्यकार भवन में कार्यक्रम संपन्न



**गंजबासौदा।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर बाबूलाल चाचा साहित्यकार भवन में नगर के सृजन धर्मी साहित्यकारों द्वारा पूर्ण उमंग उत्साह दिव्यता एवं भव्यता के साथ झंडावंदन एवं मां सरस्वती के चित्र के समक्ष नमन वंदन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष मंडल के सदस्य डॉक्टर महेंद्र प्रताप मेहता साहित्यकार एवं रोहिणी आचार्य संगीतकार द्वारा की गई। कार्यक्रम का संचालन चंद्रकुमार तारण एडवोकेट संपादक सृजन परिदृश्य द्वारा किया गया। वरिष्ठ साहित्यकार ओपी प्रजापति द्वारा अपने मधुर कंठ से सरस्वती वंदना की गई। प्रोफेसर ऋषभ कुमार ने वर्तमान परिदृश्य को समग्रता एवं पूर्ण निष्पक्षता तथा पूर्ण तटस्थता के साथ रेखांकित किया। वरिष्ठ साहित्यकार विजय कुमार शीतल, कमलेश सोनी, ओम प्रकाश आर्य, वैद्यराज निहाल सिंह पंथी, कमलेश बंसल, राजेश नेमा, मेहताब सिंह, अशोक पेंटर, फहीम बसोदवी, सज्जू भाई, अशोक जैन, भरत सराठे, शिखरचंद शिखर द्वारा गीत, गजल, कविता का पाठ किया गया। उक्त जानकारी चंद्र कुमार तारण संपादक सृजन परिदृश्य द्वारा दी गई।

### सुभद्रा शर्मा कन्या महाविद्यालय में वर्कशॉप का आयोजन हुआ




**गंजबासौदा।** सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय में मंगलवार को NTF के अंतर्गत Mental health training cum workshop का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय Academic stress and mental health among students था। कार्यवाहक प्राचार्य शिवकुमारी रघुवंशी ने सरस्वती पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया एवं मेंटल हेल्थ का दैनिक जीवन में योगदान बताया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ अपेक्षा बाजपेई, सहायक प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र ने मेंटल हेल्थ का जीवन में परिचय एवं योगदान का उल्लेख किया। इस मौके पर समस्त स्टाफ सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं एवं छात्राओं ने भी कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अगली कड़ी में डॉ अपर्णा जायसवाल सहायक प्राध्यापक, एग्रीकल्चर कॉलेज विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहीं तथा प्रेजेंटेशन व वर्कशॉप के माध्यम से छात्राओं को प्रशिक्षित किया।

## जिले के सभी सीएससी में संचालित होंगे आधार केंद्रः कलेक्टर गुप्ता

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने टीएल बैठक में नागरिक सुविधाओं को और अधिक सुलभ बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि जिले के सभी कॉमन सर्विस सेंटर पर आधार पंजीयन एवं अपडेट कार्य के लिए आधार केंद्र संचालित किए जाएं, ताकि आमजन को आधार संबंधी सेवाएं अपने नजदीकी स्तर पर उपलब्ध हो सकें। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि आधार कार्ड आज शासकीय योजनाओं के लाभ से लेकर बैंकिंग और शैक्षणिक कार्यों तक एक महत्वपूर्ण दस्तावेज बन चुका है। ऐसे में आधार पंजीयन या संशोधन के लिए नागरिकों को अनावश्यक दूरी तय न करनी पड़े, यह प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी सीएससी संचालकों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक उपकरण, तकनीकी व्यवस्थाएं एवं प्रशिक्षित ऑपरेटर उपलब्ध कराए जाएं। जहां अभी आधार सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं, वहां प्राथमिकता के आधार पर केंद्र प्रारंभ किए जाएं। साथ ही, यह सुनिश्चित किया जाए कि सेवा गुणवत्ता पूर्ण हो और नागरिकों से निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त कोई राशि न ली जाए। कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से जागरूकता बढ़ाई जाए, ताकि नवजात बच्चों का समय पर आधार पंजीयन हो सके और पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। उन्होंने आधार सेवा से संबंधित शिकायतों के त्वरित निराकरण के भी निर्देश दिए।

# कार्यालय पर किया झंडावंदन, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के संदेश का हुआ वाचन

■ कांग्रेसियों ने शहीद ज्योति स्तंभ पर पहुंचकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की अहमदपुर चौराह स्थित प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। इसके उपरांत गांधी चौक नीमताल एवं जिला कांग्रेस कार्यालय में वरिष्ठ कांग्रेसजनों की उपस्थिति में जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर श्री रघुवंशी ने कहा कि भारतीय संविधान केवल कानूनों का संग्रह नहीं, बल्कि समानता, न्याय, स्वतंत्रता और बंधुत्व के मूल्यों का जीवंत दस्तावेज है।

उन्होंने सभी से आह्वान किया कि अपने अधिकारों के साथ-साथ देश के प्रति दायित्वों का भी ईमानदारी से निर्वहन करें। गांधी चौक नीमताल पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के संदेश का वाचन पूर्व जनपद अध्यक्ष रणधीर सिंह ठाकुर ने किया। कार्यक्रम का संचालन नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू ने किया। झंडा वंदन के पश्चात कांग्रेसजनों ने शहीद ज्योति स्तंभ पर पहुंचकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता एवं विभिन्न मोर्चा संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## पंचायत में सरपंच ने फहराया तिरंगा, दिखा देशभक्ति का उत्साह

**ग्यारसपुर।** गणतंत्र दिवस मुख्य कार्यक्रम संदीपनी विद्यालय परिसर में हुआ। जनपद पंचायत अध्यक्ष ने ध्वजारोहण किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। समापन पर विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं ट्रॉफी दी गई। ग्राम पंचायत ग्यारसपुर में सुबह 8 बजे सरपंच राजू कुशवाह ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर देश के वीर जवानों, क्रांतिकारी नेताओं एवं मातृभूमि के लिए बलिदान देने वाले शहीदों को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर, विंटेक अकैडमी हायर सेकेंडरी स्कूल, यूनिक विजन, स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल सहित विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों एवं ग्राम पंचायतों में भी ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी, पूर्व




सरपंच लीलाधर कुशवाह, कालूराम कनौजिया, उप सरपंच प्रीतम लोधी, प्रताप सिंह रघुवंशी, गजेंद्र सिंह रघुवंशी, भागवत लोधी, कोक सिंह कुशवाहा, नारायण यादव, सीताराम कुशवाहा, सचिन, नरसिंह दास बैरागी, रोजगार सहायक शिवानी चौरसिया सहित वार्ड सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# कॉलेज में फैशन शो से दिया महिला सशक्तिकरण संदेश






हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

रवींद्रनाथ टैगोर सांस्कृतिक भवन में सीआईआईटी कॉलेज द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण, छात्र प्रतिभा और रचनात्मक शिक्षा को प्रभावशाली मंच मिला।

देशभक्ति से ओतप्रोत नृत्य व गीत प्रस्तुतियों ने दर्शकों में राष्ट्रप्रेम की भावना को सशक्त किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा आयोजित फैशन शो एवं कपड़ों का मेला रहा, जिसमें छात्र-छात्राओं ने स्वयं डिज़ाइन की गई आकर्षक ड्रेसेज़ प्रस्तुत कीं। उनकी रचनात्मकता, डिज़ाइन सेंस और आत्मविश्वास को दर्शकों ने खूब सराहा। साथ ही बीएफए विद्यार्थियों द्वारा आयोजित पेंटिंग एग्ज़ीबिशन में कला के विविध रंगों और भावों की सुंदर अभिव्यक्ति देखने को मिली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक मुकेश टंडन, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम सुंदर शर्मा, मनोज कटारे, सेवा भारती विभाग समन्वयक राजेश भार्गव एवं नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा उपस्थित रहीं। टीवी अभिनेत्री एवं मॉडल पूनम वर्मा की उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ी। संस्था के संस्थापक आलोक शरण ने विद्यार्थियों को नवाचार, आत्मनिर्भरता और निरंतर सीखने का संदेश दिया। अंत में विभिन्न विभागों में चयनित सरकारी शिक्षकों व प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान किया गया।

## बरीघाट के 4 आरोपियों पर इनाम घोषित किया

**विदिशा।** एसपी रोहित काशवानी ने थाना गुलाबगंज में दर्ज अपराध के फरार आरोपियों में तखत सिंह पुत्र गोविंद सिंह दांगी, अतुल पुत्र तखत सिंह दांगी, अरुण पुत्र तखत सिंह दांगी, चैन सिंह पुत्र गोविन्द सिंह दांगी निवासीगण ग्राम बरीघाट थाना गुलाबगंज विदिशा की सूचना देने वालों को एक-एक हजार की नगद राशि इनाम के रूप में दी जाएगी। सूचनाकर्ता चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा।

### नाम परिवर्तन सूचना

मेरा नाम स्वाती जैन है एवं मेरी पुत्री का नाम मोक्षदा जैन (MOKSHDA JAIN) भोपाल निवासी हूँ। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र, मार्कशीट, आधार कार्ड में नाम मोक्षदा जैन है। माइनर पुत्री (पंछी जैन) के नाम से विदिशा में पॉलिसी ली गई थी। जिसका नाम एलआईसी की पॉलिसी 205147997 में KU. PANCHI JAIN लिखा गया है। KU. PANCHI JAIN एवं MOKSHDA JAIN दोनों ही मेरी पुत्री का नाम है। यदि किसी को कोई आपत्ति है तो विदिशा LIC ऑफिस में संपर्क करें। शपथ पत्र क्रमांक 37AA 523251

### In The Court Of Civil Judge Class-I, Begumganj, District Court, Raisen

Presiding Officer:श्रीमती अन्ना ग्लोरी माहेश्वरी
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC/0000002/2026)

टीकाराम........ आवेदक
VS
सर्वसाधारण................. अनावेदक

Process Id-/2026
पेशी दिनांक :- 23/02/2026

प्रेषिती-
(1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण
(2) आम जनता

आम को जनता सूचित किया जाता है कि आवेदक टीकाराम ने मृतक स्व. खेतसिंह एवं विमला निवासी ग्राम टेहरी मुरपार तह. बेगमगंज जिला रायसेन (म.प्र.)की 2,00,000/- राशि/संपति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 23 February 2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 23 February 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 22 January 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायाधीश
(श्रीमती अन्ना ग्लोरी माहेश्वरी)
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड
बेगमगंज, जिला रायसेन (म.प्र.)

# एक से 15 फरवरी तक चलेगा विश्व हिंदू परिषद का धन संग्रह अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरवाई

रविवार दोपहर 1 बजे विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल की प्रखंड बैठक मुरलीधर मंदिर में हुई।

बैठक का शुभारंभ भगवान राम के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। विभाग संयोजक सचिन यादव ने कहा कि युवाओं को बलोपासना करना चाहिए। इस निमित्त बजरंग दल की कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है, जिसमें कार्यकर्ता सहभागी बनें। जिला मंत्री अभिषेक शर्मा गुरुजी ने कहा कि हम प्रतिवर्ष धर्म रक्षा निधि के माध्यम से धन संग्रह कर संगठन की गतिविधियां संचालित करते हैं। इस वर्ष भी 1 से 15 फरवरी तक यह अभियान चलेगा। इस अभियान में प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी स्वयं का समर्पण करें। साथ ही उन्होंने आगामी अन्य कार्यक्रमों पर भी विस्तृत चर्चा की एवं हर समिति पर साप्ताहिक सत्संग शुरू करने का आह्वान किया। बैठक में जिला सह मंत्री सत्यम दुबे बावली, जिला सह संयोजक मंजीत तिवारी, जिला बलोपासना केंद्र प्रमुख मिंटू परिहार, प्रखंड मंत्री योगेन्द्र पवार, प्रखंड संयोजक मनोज ठाकुर संदीप दांगी, देवेंद्र दांगी, सुनील विश्वकर्मा, श्याम दांगी, नितिन रैकवार, रवि लोधी, गोलू रैकवार, जितेंद्र पंथी, प्रखंड नगर खंड एवं ग्राम के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



















